DELHI DEVELOPMENT AUTHORITY
LIBRARY
PRESS CLIPPING SERVICE

NAME OF NEWSPAPERS अमर उजाला नई दिल्ली | सोमवार, 24 नवंबर 2025

# जश्न-ए-रेख्ता का आयोजन 5 से

## इस बार यमुना तट पर बांसेरा में मनेगा शब्दों की दुनिया का जश्न

अमर उजाला ब्यूरो

नई दिल्ली। डीडीए के बांसेरा पार्क में पहला बड़ा आयोजन तय हो गया है। यहां 5 से 7 दिसंबर तक मशहूर कल्चरल फेस्टिवल जश्न-ए-रेख्ता आयोजित होगा। यमुना किनारे के शांत वातावरण में बांस के घने बगीचे और हरे-भरे मैदान में शब्दों और संगीत की महफिल जमेगी। जश्न-ए-रेख्ता के दस साल पूरे होने पर इस बार का आयोजन बेहद खास होगा।

तीन दिनों तक चलने वाले इस फेस्टिवल में उर्दू, शायरी, दिल्ली की तहजीब और संगीत का शानदार मेल देखने को मिलेगा। यमुना तट पर बांस से छनकर आती स्वच्छ हवा, फूलों से लदे पौधे और खुला हरियाली वाला माहौल इस आयोजन को और भी




यमुना तट पर बांसेरा। फाइल

**07** दिसंबर तक होगा आयोजन

खास बनाएंगे। 5 दिसंबर की शाम गुलजार की महकती मौजूदगी से होगी, जिसका संचालन दिव्या दत्ता करेंगी। इसके बाद सुखविंदर सिंह सूफी गीतों से माहौल को रंग देंगे। 6 दिसंबर को सलीम-सुलेमान की जुगलबंदी, उर्दू शायरी के रंग-ओ-नूर और कई दिलचस्प सत्र रखे गए हैं।

वहीं, 7 दिसंबर को जावेद अख्तर शायरी और बातों से समां बांधेंगे। इसके बाद शंकर महादेवन और प्रतिभा सिंह बघेल अपनी आवाज से शाम को यादगार बनाएंगे। कार्यक्रम के आखिरी पड़ाव में अबी संपा और रुसील रंजन की कव्वाली महफिल को ऊर्जा से भर देगी। डीडीए ने बांसेरा पार्क को ऐसे ही सांस्कृतिक आयोजनों के लिए तैयार किया था। यहां प्रकृति और कला साथ-साथ अनुभव होगा। जश्न-ए-रेख्ता की बुकिंग से न सिर्फ पार्क का नाम बड़े आयोजनों की सूची में जुड़ गया है बल्कि आगे इसी तरह के कार्यक्रमों की बुकिंग से डीडीए की आय भी बढ़ने की उम्मीद है।

पंजाब केसरी DELHI ▸ 24 नवम्बर, 2025 ▸ सोमवार

# टावरिंग हाइट्सः अब आठ दिसंबर तक कर सकेंगे ई-ऑक्शन रजिस्ट्रेशन

नई दिल्ली,(पंजाब केसरी): दिल्ली विकास प्राधिकरण (डीडीए) ने कडकडडूमा टावरिंग हाइट्स प्रोजेक्ट के लिए ई ऑक्शन रजिस्ट्रेशन व बयाना जमा कराने की तारीख बढ़ा दी है। इस संबंध में डीडीए ने एक्स पर जानकारी साझा की है जिसमें बताया गया है कि ई ऑक्शन रजिस्ट्रेशन व बयाना जमा करने की तारी तारीख आठ दिसंबर तक बढ़ा दी गई है। वहीं 15 दिसंबर से ई ऑक्शन की प्रक्रिया शुरु होगी। इससे पहले डीडीए द्वारा रजिस्ट्रेशन और ईएमडी जमा करने की अंतिम तारीख 21 नवंबर तय की गई थी है। जबकि अंतिम आवेदन 24 नवंबर शाम छह बजे तक जमा किया जा सकता था। वहीं ई-नीलामी की प्रस्तावित तारीख एक से चार दिसंबर के बीच तय की गई थी। यहां बता दें कि डीडीए ने टावरिंग हाइट्स प्रोजेक्ट के लिए ट्रांजिट-ओरिएंटेड डेवलपमेंट (टीओडी) नीति के तहत 1.78 करोड़ रुपये से शुरू होने वाले 1,026 प्रीमियम 2-बीएचके फ्लैटों की घोषणा की थी। इस आवासीय इमारत का निर्माण जुलाई 2026 तक पूरा हो जाएगा। करीब 30 हेक्टेयर में फैले पूर्वी दिल्ली हब को



15 दिसंबर से शुरू होगी ई ऑक्शन की प्रक्रिया

एक विश्वस्तरीय मिश्रित उपयोग वाले शहरी केंद्र के रूप में विकसित किया जा रहा है, जिसमें जीवंत, पैदल चलने योग्य शहरी वातावरण के भीतर आवासीय, वाणिज्यिक और नागरिक स्थानों को एकीकृत किया जाएगा। यह राजधानी में अब तक की सबसे ऊंची इमारत होगी, जिसमें 48 मंजिलें होंगी और यह 155 मीटर ऊंची होगी। 1.78 करोड़ से 3.09 करोड़ रुपये के बीच की लागत वाले इन फ्लैटों का एरिया 142 स्क्वायर मीटर से 250 स्क्वायर मीटर तक रहेगा। इस स्कीम की ऑनलाइन रजिस्ट्रेशन प्रक्रिया 31 अक्टूबर 2025 से शुरू हुई थी।